# पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई प्रापर्टी ब्रोकर हत्याकांड की गुत्थी

## दोनों आरोपी गिरफ्तार, वारदात में उपयोग की गई कैंची और बाइक बरामद



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बड़ा गणपति चौराहे के पास आनंद सेव भंडार के समीप सीताराम पार्क गली में हुई प्रॉपर्टी ब्रोकर राहुल उर्फ अंकित की हत्या का मल्हारगंज पुलिस ने मात्र 24 घंटे में खुलासा कर दिया. पुलिस ने पुराने विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हत्याकांड में उपयोग की गई कैंची व बाइक भी जप्त कर ली, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.**

थाना प्रभारी वेदेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि घटना 17 अक्टूबर की रात हुई थी, जब आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते अंकित पर कैंची से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और डीसीपी जोन-1 कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई. टीम ने 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, आरोपियों के रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ की और संभावित ठिकानों पर दबिश दी. पुलिस गिरफ्त में आए मल्हारगंज तेली बाखल निवासी 52 वर्षीय राजेश शर्मा उर्फ राजू पंडित और समाजवासी इंदिरा नगर में रहने वाले 40 वर्षीय राकेश उर्फ लालू तिवारी की निशानदेही पर हत्या कांड में उपयोग की गई कैंची और मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है. दोनों आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है.

# महिला ने बच्चे और खुद को कमरे में बंद कर वीडियो किया वायरल


- सोशल मीडिया पर ससुराल वालों से बचाने की लगाई गुहार
- वीडियो देखकर पुलिस ने पहुंची और सुरक्षित बाहर निकाला



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लसूड़िया क्षेत्र के शांति निकेतन में रविवार सुबह एक महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर मदद की गुहार लगाई थी. वीडियो में महिला ने कहा कि उसका पति, सास और नाबालिग देवर उसे कमरे के बाहर से मारने की धमकी दे रहे हैं, इसलिए उसने अपने बच्चे के साथ खुद को अंदर बंद कर लिया है.

वीडियो सामने आते ही एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और महिला थाना प्रभारी नीतू सिंह को टीम सहित मौके पर भेजा. पुलिस ने महिला से बात कर उसे सुरक्षा का भरोसा दिलाया और दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई. जांच में सामने आया कि महिला का अपने पति से विवाद चल रहा है. वह पहले गाजियाबाद में रह रही थी और हाल ही में बेटे के साथ इंदौर लौटी है. पुलिस ने बताया कि घर पहुंचने पर न तो किसी तरह की मारपीट पाई गई, न ही ससुराल वाले मौके पर थे. वहीं, थाना प्रभारी नीतू सिंह का कहना है कि मामला घरेलू विवाद से जुड़ा है, जिसमें महिला और उसके पति दोनों की काउंसलिंग जारी है. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने कहा कि वीडियो में किए गए दावों की पुष्टि नहीं हुई है, फिर भी पुलिस सतर्कता के साथ हर पहलु पर जांच कर रही है.



## एक नजर में

### 200 बच्चों संग मनाई सार्थक दीपावली



महू. महू की सामाजिक संस्थाओं डेरा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट बिखरने के लिए जरूरत मंद बच्चों के साथ उनके गांव पहुंच कर सार्थक दीपावली मनाई. सामाजिक विचार मंच, खनूजा टेंट हाउस, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट,अमरनाथ यात्रा ग्रुप, रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब और धनसिंह बिष्ट एजुकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम नंदगांव और ग्राम छापरिया के 200 बच्चों को मिठाई पैकेटफुलझड़ी के पैकेट, बच्चों के पॉप अप पैकेट दूध के पैकेट, बिस्किट पैकेट, चॉकलेट, केले के साथ साथ सभी बच्चों को पढ़ाई के सामान के रूप में पेंसिल का सेट प्रदान किया गया. संस्था के शैलेन्द्र शुक्ला, रमेश जैन राही अनिल नरवल,जसवंत सिंह बिष्ट और अशोक दीक्षित द्वारा सर्वप्रथम लक्ष्मी पूजन के साथ कार्यकम का विधिवत शुरुआत की गई. दीपावली की महत्ता के बारे में बच्चों को राजेश पाटीदार द्वारा उद्बोधन दिया गया. डॉ अनुपम श्रीवास्तव और डॉ आनंद चौरसिया द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया. इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं की तरफ से राजीव खनूजा, आशीष जैन,बालकृष्ण कौशल, प्रदीप नीम, आशीष श्रीवास्तव, विजय परदेशी, डॉ. लक्की खंडेलवाल, मुकेश राठौर, सतीश डाबर आदि उपस्थित रहे. आभार मनीष श्रीवास्तव ने माना.

### महू में तेंदूपत्ता भंडार गृह में आग



महू. तहसील महू के नंदलई घाटी में स्थित वन विभाग के तेंदूपत्ता भंडारण गृह में रविवार सुबह आग लग गई. यह भंडार गृह महू-मानपुर रोड पर स्थित है. आग लगने की सूचना मिलते ही महू और मानपुर से दमकलें मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया जा सका. इस घटना में बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता जलकर राख हो गया. जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंचे. आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच की जा रही है. आग लगने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए.

### नाबालिग से छेड़छाड़ कर फरार हुआ युवक, केस दर्ज

इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी शेख शाकिर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पीड़िता अपने माता-पिता के साथ थाने पहुंची और बताया कि वह एक फैक्ट्री में काम करती है, जहां आरोपी शाकिर भी कार्यरत है. शाम वह विजयनगर खरीदारी करने गई थी, तभी शाकिर वहां पहुंच गया और मदद के बहाने उसके साथ चला गया. मेघदूत गार्डन के पास आरोपी ने उसे गलत तरीके से पकड़कर अश्लील हरकत की. विरोध करने पर मारपीट कर धमकी दी, लेकिन लड़की के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंच गए, तब आरोपी वहां से भाग निकला. आरोपी की तलाश के लिए टीम भेजी गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### प. रेलवे महिला टेबल टेनिस टीम ने जीता स्वर्ण



इंदौर. जयपुर में 27 से 31 अगस्त 2025 तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर रेलवे टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया. रतलाम मंडल के यांत्रिक विभाग में कनिष्ठ लिपिक के रूप में कार्यरत अनुष्का कुटुम्बले ने व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर रतलाम मंडल का मान बढ़ाया. अनुष्का के साथ टीम में निवेदिता बालासुरी भी खिलाड़ी के रूप में शामिल थीं, जबकि कोचिंग की जिम्मेदारी कलीम खान ने संभाली. इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर रतलाम मंडल खेलकूद संघ के सचिव और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय पीयूष पांडेय, साथ ही मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक हरीश चांदवानी भी मौजूद रहे.

# वृद्धजनों संग पुलिस कमिश्नर ने मनाई दीपावली

- वृद्धाश्रम में उपहार देकर बांटीं खुशियां और अपनापन



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** दीपावली के मौके पर रविवार को एरोड्रम क्षेत्र स्थित राजशांति आशियाना वृद्धाश्रम में जैसे ही पुलिस कमिश्नर अपने साथियों के साथ पहुंचे तो वहां का माहौल उत्सव में बदल गया. वरिष्ठ नागरिकों के बीच पहुंचे कमिश्नर ने उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं, मिठाइयां व उपहार बांटे और परिवार जैसा स्नेहपूर्ण माहौल बनाया.

आश्रम में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सभी वरिष्ठजनों की कुशलक्षेम पूछी और उनसे आत्मीय बातचीत की. उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग समाज की नींव हैं और त्योहारों पर यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वे खुद को अकेला महसूस न करें. उन्होंने कहा यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनके जीवन में खुशियों का संचार करें. पुलिस परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा है. वरिष्ठ नागरिकों ने पुलिस टीम का स्वागत करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया. इस दौरान पूरे आश्रम में दीपों की रोशनी के साथ उल्सास का माहौल छा गया. संचालकों ने पुलिस कमिश्नर और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल ने बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान ला दी और समाज में पुलिस के संवेदनशील व मानवीय स्वरूप का संदेश भी दिया. इस अवसर पर कमिश्नर सिंह ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की शुभकामनाएं दीं.

# नो एंट्री में घुसे 20 भारी वाहन, वसूला एक लाख का जुर्माना

इंदौर. एयरोड्रम क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सड़क हादशे के बाद शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस काफी सख्त दिखाई दे रही है. इसी के चलते पुलिस ने एक ही दिन में नो एंट्री में प्रवेश करने वाले 20 ट्रकों के चालान बनाकर एक लाख रुपए जुर्माना वसूला है.

वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर निगरानी बढ़ाई है, जिसके तहत शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह तक, नो एंट्री क्षेत्र में घुसने वाले भारी वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस ने 20 ट्रक चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपए जुर्माना वसूलकर शासन के खाते में जमा कराया. पुलिस ने सभी वाहन चालकों को हिदायत दी कि वे निर्धारित समय व मार्ग का पालन करें, ताकि शहर में यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके. पुलिस ने चेतावनी भी दी है कि नो एंट्री नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी.

# एमवाय के डॉक्टरों की तत्परता से बची 15 किन्नरों की जान

- अस्पताल को बताया सबसे अच्छा, की डॉक्टरों की प्रशंसा



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवाय अस्पताल ने एक बार फिर अपनी चिकित्सा दक्षता और आपात प्रबंधन क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया. 15 अक्टूबर की शाम पंढरीनाथ क्षेत्र में जहरीला पदार्थ सेवन करने वाले 22 किन्नरों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था. अब वे स्वस्थ हैं और सभी की छुट्टी कर दी गई है. आज किन्नरों के एक दल ने एमवाय अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों एवं स्टाफ द्वारा तत्परता और अच्छे से इलाज करने पर उनका आभार जताया. इस दल ने जहां अस्पताल को सबसे अच्छा बताया, वहीं यहां के डॉक्टरों की प्रशंसा की.

15 अक्टूबर की शाम को किन्नरों के दो गुटों में हुए झगड़े के बाद जहरीला पदार्थ खाने वाले इन 22 किन्नरों को गंभीर हालत में एमवाय लाया गया था, तब अस्पताल की पूरी मेडिकल टीम तत्काल सक्रिय हो गई थी. किन्नरों के एक दल ने अस्पताल का वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के बारे में बताया कि उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर उपचार व्यवस्था की निगरानी की. अस्पताल के विभागाध्यक्षों, कंसल्टेंट डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल टीम ने बिना समय गंवाए सामूहिक रूप से मास कैजुअल्टी का सफल प्रबंधन किया. सभी का तुरंत इलाज और टीमवर्क की बदौलत सभी मरीज स्वस्थ होकर सकुशल घर लौटे. इससे एमवाय अस्पताल ने एक बार फिर यह साबित किया कि वह किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम है. अस्पताल में 24 घंटे अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध रहती है, जो गंभीर से गंभीर परिस्थितियों में भी मरीजों को जीवनदान देती है. अस्पताल में ऑर्गन डोनेशन यूनिट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, ब्लड और मिल्क बैंक, एडवांस कैजुअल्टी व डायलिसिस यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं. साथ ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना और दीनदयाल योजना जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं भी यहां संचालित हैं.

# किन्नर विवाद : फरार आरोपियों पर 10 हजार का इनाम घोषित

- ब्लैकमेलिंग में लिप्त दो कथित पत्रकारों की भी तलाश तेज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में किन्नरों के दो गुटों में विवाद प्रकरण में पुलिस ने फरार आरोपी राजा हाशमी और दो कथित पत्रकारों की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है. मामले की मुख्य आरोपी सपना हाजी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है और वह जेल में है, पुलिस टीमें आरोपियों की लोकेशन के आधार पर लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं.

किन्नरों के दो गुटों के बीच हुए विवाद के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है. इस प्रकरण में पंढरीनाथ पुलिस ने मुख्य आरोपी सपना हाजी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य तीन आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं. इन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है. अतिरिक्त डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि फरियादी किन्नर सोना मंगल की शिकायत पर थाना पंढरीनाथ में सपना हाजी के साथ राजा हाशमी और दो कथित पत्रकार पंकज जैन एवं अक्षय कुमायू के खिलाफ मामला दर्ज किया था. जांच में सामने आया कि इन दोनों कथित पत्रकारों पर ब्लैकमेलिंग के आरोप भी लगे हैं. सपना हाजी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब मुख्य रूप से राजा हाशमी और इन दोनों कथित पत्रकारों की गिरफ्तारी पर फोकस कर रही है.

# विहिप नेता तन्नू शर्मा को फिर मिली जान से मारने की धमकी

- सोशल मीडिया पर जिहादी ने दी धमकी, पुलिस में शिकायत



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** विहिप और बजरंग दल नेता तन्नू शर्मा को सोशल मीडिया पर एक मुस्लिम युवक द्वारा जान से मारने की धमकी देने पर नेता के समर्थकों ने थाने पहुंचकर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए माहौल बिगाड़ने की कोशिश पर नाराजगी जताई है. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

विश्व हिंदू परिषद के नेता तन्नू शर्मा को एक बार फिर सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है. यह धमकी एक युवक अल्तमस खान द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिए गए आपत्तिजनक कमेंट के जरिए दी गई. युवक ने शर्मा को धमकाते हुए लिखा कि जिस दिन तू मरेगा, उस दिन मुसलमान मिठाई बांटेगा. इस पोस्ट के सामने आते ही हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया. घटना की जानकारी मिलते ही विहिप जिला मंत्री अनिल पाटिल, दीपेश गोयल, विजय कालखोर और राजेश राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारी थाना छतरीपुरा पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. उन्होंने कहा कि यह पोस्ट न केवल एक व्यक्ति को धमकी है, बल्कि शहर के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश भी है. विहिप पदाधिकारियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि आरोपी पर आईटी एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए.

# सूटकेस और बैग में छिपाकर अवैध शराब ले जाते आरोपी गिरफ्तार

## छोटी ग्वालटोली पुलिस और क्राइम ब्रांच ने आरोपी को दबोचा

**नव भातर न्यूज**

**इंदौर.** छोटी ग्वालटोली पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है. टीम ने सूटकेस और बैग में अवैध शराब ले जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में शराब बरामद की है.

थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के सामने एक व्यक्ति बैग और सूटकेस में अवैध शराब लेकर जा रहा है. सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी चेतन



पिता रामप्रकाश परमार (30 वर्ष) निवासी जयसिंहनगर, देवास की तलाशी ली तो आरोपी के ट्रॉली बैग और सूटकेस में 24 बोतल रॉयल स्टैग, 24 बोतल रॉयल स्टैग बैरल, 12 बोतल मैजिक मोमेंट और 11 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड रखी मिली. इस पर पुलिस ने उक्त अवैध शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ छोटी ग्वालटोली थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है. आरोपी से पूछताछ में यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह यह शराब कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने जा रहा था. पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी.

# आय से अधिक संपत्ति मामले में आबकारी उड़नदस्ता प्रभारी निलंबित

- ईओडब्ल्यू कर रहा आबकारी उपायुक्त आलोक खरे की जांच

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पद पर रहते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में आबकारी विभाग ने उपायुक्त आलोक खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, यह कार्रवाई ईओडब्ल्यू द्वारा की गई जांच में हुए खुलासे के आधार पर की गई है. खरे पर आर्थिक अनियमितताओं और पद पर रहते हुए अनुचित तरीके से संपत्ति अर्जित करने के आरोप सामने आए थे, जिनकी जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ईओडब्ल्यू द्वारा की जा रही थी.

जानकारी के मुताबिक, ईओडब्ल्यू की प्राथमिक जांच में कई अचल संपत्तियां, बैंक खातों में बड़ी राशि और अन्य वित्तीय लेन-देन संदिग्ध पाए गए. इसी आधार पर शासन स्तर से आबकारी आयुक्त ने आलोक खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं. विभागीय सूत्रों का कहना है कि निलंबन अवधि के दौरान उन्हें मुख्यालय से बाहर जाने के लिए पूर्व अनुमति लेनी होगी. वहीं, उनकी संपत्तियों और लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की विस्तृत जांच ईओडब्ल्यू द्वारा की जा रही है.

**समस्या** ▶ गरीब और मजदूर वर्ग को भारी भरकम बिलों का भुगतान करना हो रहा मुश्किल

# लोगों के लिए मुसीबत बने बिजली के स्मार्ट मीटर



इंदौर. बिजली के भारी-भरकम बिल के चलते अब प्रदेश की जनता परेशान हो चुकी है. बिजली कंपनी ने अंदरूनी बदलाव कर जब से स्मार्ट मीटर लगाए हैं, तभी से आम लोगों की जेब कटने लगी है. इन भारी बिजली बिलों के कारण जगह-जगह स्मार्ट मीटर का विरोध होने लगा है. इंदौर शहर में भी स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक राशि के बिल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं.

समूचे शहर के साथ ही बड़ा गणपती क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 7 के रहवासी भी इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं. वार्ड की जनता कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में अधिकांश निम्न वर्ग के लोग निवास करते हैं, जो स्मार्ट मीटर लगने से पहले आसानी से बिल भर रहे थे. उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के कारण काफी राहत मिल रही थी. लेकिन अब स्मार्ट मीटर बहुत ज्यादा यूनिट बना रहे हैं. पहले जिस परिवार के 500 से एक हजार के बिल आते थे, अब तीन से चार हजार के आ रहे हैं, वहीं छोटे परिवार भी इससे अछुते नहीं हैं, जिन छोटे परिवार के 100 से 200 रुपए देने होते थे, उन्हें भी एक से दो हज़ार के बिल थमाए जा रहे हैं. जनता कॉलोनी के लोगों द्वारा कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन इस समस्या से उन्हें निजात नहीं मिली.

### यह बोले रहवासी...



जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं, सभी ऑनलाईन हो चुका है और बिजली कंपनी का कोई कर्मचारी किसी घर आता भी नहीं है. इस कारण कुछ भी समस्या के लिए कंपनी के झोन ऑफिस पर जाना पड़ता है, लेकिन वहां कोई कुछ सुनता ही नहीं है.
**- गौरव मालवीय**



पहले सौ-डेढ़ सौ रुपए बिल आता था, अब 800-1000 का आ रहा है. कभी तो दो-ढाई हजार आ जाता है. झोन पर कितना भी बोल दो, लेकिन जो बिल में लिख दिया, वो भरना ही है.
**- नंदकिशोर भलारिया**



मेरा तो कच्चा और चद्दर का मकान है. मजदूरी करता हूं. पहले तो बिल कम आता था, अब तो इतना ज्यादा बिल थमा रहे हैं कि भर नहीं पा रहा हूं. दो-तीन दिन लेट हो गए तो ऑटोमैटिक बिजली काट दी जाती है. सरकार को इसस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए.
**- भैयालाल**